

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-09 बुधवार, दिनांक-03 मार्च, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.52 बजे अपराह्न तक ।**

[1] अन्य चर्चा:-

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा आसन को सूचित किया गया कि सभी विभागों को पूर्व से निर्देश है कि चलते सत्र में ऐसे कार्यक्रम आयोजित न करें जिसमें माननीय सदस्य की उपस्थिति अपेक्षित हों किन्तु ऐसे कार्यक्रम जिलों में आयोजित किए जा रहें हैं और इससे माननीय सदस्यों के विधायी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है । इसका समर्थन पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा किया गया ।

[2] आसन से नियमन:-

आसन से नियमन दिया गया कि यह सभी माननीय सदस्यों से जुड़ा मामला है, जिसपर सरकार ने सूचना को ग्रहण किया है । साथ ही यह कहा गया कि इस तरह के मामले में पदाधिकारी अनदेखी करेंगे तो वे विशेषाधिकार हनन के क्षेत्र में आएंगे जिसके फलस्वरूप उनपर कार्रवाई होगी ।

[3] प्रश्नकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-778 जल संसाधन विभाग में स्थानांतरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-780 पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।
(v) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 166 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[4] आसन का निदेश :-**

प्रश्नकाल के दौरान अल्पसूचित प्रश्न संख्या-23 का उत्तर ऑनलाईन प्राप्त नहीं होने पर माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग से आसन द्वारा पृच्छा की गई एवं सभी माननीय मंत्रिगण को आसन द्वारा निदेश दिया गया कि अपने विभाग का उत्तर 24 घंटे पूर्व ऑनलाईन कर दें ताकि सभी माननीय सदस्यगण देख सकें साथ ही ऑनलाईन उत्तर नहीं देने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने एवं इससे सभा सचिवालय को अवगत कराने का भी निदेश दिया गया ।

**[5] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री महानन्द सिंह | (ii) | श्री अरूण सिंह |
| (iii) | श्री रामबली सिंह यादव | (iv) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (v) | श्री मिथिलेश कुमार | (vi) | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| (vii) | श्री शहनवाज | (viii) | श्री सिद्धार्थ सौरव |
| (ix) | श्री मुकेश कुमार यादव | (x) | श्री सुनील मणि तिवारी |
| (xi) | श्री पवन कुमार यादव | (xii) | श्री रणविजय साहू |
| (xiii) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (xiv) | श्री मनोज कुमार यादव |
| (xv) | श्री जय प्रकाश यादव | (xvi) | श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह |
| (xvii) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (xviii) | श्री राजेश कुमार सिंह |
| (xix) | श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी | (xx) | श्री ऋषि कुमार |
| (xxi) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xxii) | श्री आलोक कुमार मेहता |
| (xxiii) | श्री विद्या सागर केशरी | (xxiv) | श्री अचमित ऋषिदेव |
| (xxv) | श्री सुधाकर सिंह | (xxvi) | श्री आनन्द शंकर सिंह |
| (xxvii) | श्री मुरारी मोहन झा | (xxviii) | श्री विजय कुमार खेमका |
| (xxix) | श्री कृष्णनंदन पासवान | (xxx) | श्री अजय कुमार |
| (xxxi) | श्री विजय कुमार | (xxxii) | श्री मुकेश कुमार रौशन |
| (xxxiii) | श्री प्रेम शंकर प्रसाद | (xxxiv) | श्री भूदेव चौधरी |
| (xxxv) | श्री मिश्री लाल यादव | (xxxvi) | श्री महबूब आलम |
| (xxxvii) | श्री मो० इजहार असफी | (xxxviii) | श्री विनय कुमार चौधरी |
| (xxxix) | श्री सुदामा प्रसाद | (xl) | श्री ललित कुमार यादव |
| (xli) | श्री शंभुनाथ यादव | (xlii) | श्री युसुफ सलाउद्दीन |
| (xliii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xliv) | श्री राजेश कुमार गुप्ता |
| (xlv) | डा० सी०एन० गुप्ता | (xlvi) | श्री राम विशुन सिंह |
| (xlvii) | सुश्री श्रेयसी सिंह | (xlviii) | श्री विनय बिहारी |
| (xlix) | श्री विनय कुमार | (l) | श्रीमती भागीरथी देवी |

माननीय सदस्य श्री कुमार शैलेन्द्र के शून्यकाल सूचना पर आसन द्वारा सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

माननीय सदस्य श्री विजय कुमार एवं श्री भूदेव चौधरी को उनकी सूचना के संक्षिप्त होने के कारण आसन द्वारा धन्यवाद दिया गया ।

शून्यकाल समाप्त होने के उपरांत विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि जो विषय आप उठा रहें हैं उसपर कल राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा लाए जाने वाले अनुदान की मांग पर बोलने का मौका मिलेगा । साथ ही अनुरोध किया कि सदन को चलने दें ।

तत्पचात् सदन में शांति कायम हुई ।

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित एवं दिनांक-25 फरवरी, 2021 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग श्री सम्राट चौधरी द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, डा० संजीव कुमार एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डा० संजीव कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग श्री राम सूरत कुमार द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य, श्री कुंदन कुमार एवं अन्य सभासदों का पर्यटन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री कुंदन कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यटन विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा दिया गया ।

**[7] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

1. माननीय सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति श्री अजीत शर्मा द्वारा समिति का सप्तदश बिहार विधान सभा में प्रथम प्रतिवेदन की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[8] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-03 (शिक्षा विभाग, संसदीय कार्य, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग तथा विधान मंडल)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव एवं इस पर प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अवध विहारी चौधरी
(ii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(iii) श्रीमती शालिनी मिश्रा

(iv) श्री सतीश कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री प्रेम कुमार द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(v) श्री छत्रपति यादव
(vi) श्री संजय कुमार सिंह
(vii) श्रीमती संगीता कुमारी
(viii) श्री विनय कुमार चौधरी
(ix) श्री संदीप सौरभ
(x) श्री अखतरूल ईमान
(xi) डा० अनिल कुमार
(xii) श्री अजय कुमार
(xiii) श्री मुकेश कुमार यादव
(xiv) श्री लखेन्द्र कुमार रौशन
(xv) श्री सूर्यकान्त पासवान
(xvi) श्री पंकज कुमार मिश्र
(xvii) श्री इजहारूल हुसैन
(xviii) श्री मिश्री लाल यादव
(xix) श्री उमाकान्त सिंह

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[9] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-04 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.03.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।